विदेशियों के बसने पर चैंबर नाराज

जम्मू की सुरक्षा के लिए बताया एक बड़ा खतरा

अमर उजाला ब्यूरो

जम्मू।

चैंबर की ओर से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

जम्मू में बढ़ रही अन्य राज्यों और दूसरे देशों के लोगों की संख्या पर चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने कड़ा एतराज जताया है। सरकार से मांग की गई है कि इन लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। नहीं तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। इन लोगों को जम्मू की सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया है। बुधवार को चैंबर ने इसे लेकर पत्रकार वार्ता की।

चैंबर के प्रधान राकेश गुप्ता ने कहा कि रियासत में अनुच्छेद 370 को मजाक बनाकर रखा दिया है। सिर्फ कश्मीर में ही इसका पालन हो रहा है, जबकि जम्मू में इसकी धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। विदेशों से कई लोग आकर जम्मू में स्थायी आवास बना रहे हैं। शहर और इसके आसपास में करीब 25 हजार विदेशी रह रहे हैं। इनमें से कई लोग शहर की सुरक्षा से जुड़े इनपुट बाहर भेज रहे हैं। जो सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। अनुच्छेद 370 होने के बाद भी कई लोग जम्मू में आकर रह रहे हैं। सरकार या तो इसे हटा दे या फिर इसे पूरे राज्य में एक समान लागू करे। राजनीतिक पार्टियां अपने वोट बैंक के लिए इन लोगों को पनाह देने पर खामोश हैं। एक तरफ रिफ्यूजियों को कई दशकों से अपनी नागरिकता हक नहीं मिला। लोग बिना स्टेट सब्जेक्ट के जम्मू में रह रहे हैं। जम्मू में डैमोग्राफिक बदलाव हो रहा है। रेलवे मंत्रालय से सवाल करते हुए कहा कि बिना जांच के रेलवे प्रोजेक्ट में विदेशी लोगों से काम क्यों करवाया जा रहा है। मजदूरी के नाम पर स्थायी रूप से यहां रहने लगे हैं, जबकि देश की बहुत सी लेबर है, जो काम करने के लिए पर्याप्त है। शहर में म्यांमार, बंगलादेश, नेपाल से हजारों लोग आकर बसे हुए हैं।

भारत संचार निगम लिमिटेड

BSNL

पंजाब दूरसंचार परिमण्डल, सेक्टर-34, चण्डीगढ़

क्रम सं.	वस्तु का नाम	अनुमानित मात्रा (अदद)	अनुमानित लागत (रु. में)
1.	[illegible]	300	8,75,000/-

निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 06-01-2017 को 11.25 बजे तक है। ... http://www.punjab.bsnl.co.in ... (http://www.eprocure.gov.in) ...

फोन नं.: 0172-2607733, फैक्स: 0172-2614000 ई-मेल: agmmmpb@gmail.com

GOVERNMENT OF JAMMU & KASHMIR
OFFICE OF THE COLLECTOR LAND ACQUISITION
SUB DIVISIONAL MAGISTRATE, MARH

Subject:Corrigendum regarding correction of Area issued Notification under sub section (1) of section 4 of the J&K Land Acquisition Act, Svt. 1990 and in pursuance to requisition made by the project Director NHAI 315 Channi Himmat, Jammu, of village Chak-Jaffar, Tehsil Marh, Distt. Jammu regarding Simi RingRoad

CORRIGENDUM

In continuation of this office Notification No. 26 of 2016 dt:- 30-06-2016 vide endorsement no SDM/M/LH/Acq/Road-Ring/2016-17/259-266 dt:- 30-06-2016. Please read area of land measuring 04 Kanals and 01 Marlas under Kh. No 257 instead of land measuring 00 Kanals 04 Marla's and due to the above correction the total area of land is now 142 kanals 16 Mls & 128 sq.ft instead of 128 Knls 19 Mls & 148 Sq.ft. wherever appearing in the above noted notification issued by this office as on 30-06-2016

No:-SDM/M/2016-17/Ring Road/594
Dated:-14-12-2016

(Ved Parkash), KAS
Sub Divisional Magistrate
Marh

चिब ने की 75वीं नार्थ जोन वर्कशाप में शिरकत

जम्मू (ब्यूरो)। हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में कृषि विश्वविद्यालय में 75वीं नार्थ जोन कृषि विज्ञान केंद्र वर्कशाप आयोजित की गई। इसमें राज्यमंत्री एवं किसान बोर्ड के उपचेयरमैन दलजीत सिंह चिब ने भी शिरकत की।

वर्कशाप में कृषि को लेकर कई विशेषज्ञों ने चर्चा की। चिब ने विशेषज्ञों को जम्मू में कृषि को लेकर अपना योगदान देने की गुजारिश की। साथ ही कहा कि वह अपने राज्यों की तकनीक को राज्य के किसानों के साथ साझा करें, ताकि इसका लाभ मिल सके। यह भी कहा कि वह रियासत के किसानों को पालमपुर कृषि विवि का दौरा कराएंगे, ताकि वह जहां अपनाई जा रही कृषि तकनीक की जानकारी हासिल कर सकें। इन नई तकनीकों से किसानों को आने वाले समय में काफी फायदा मिलेगा। राज्यमंत्री ने इसके लिए धन्यवाद किया। कार्यक्रम की सराहना की।

घाटी की लड़कियों पर फुटबाल का खुमार

लड़कियों में वुमेन कालेज श्रीनगर और लड़कों में आईएफसी ने जीते फाइनल मैच

अमृतपाल सिंह बाली

श्रीनगर।

कश्मीर घाटी में सीआरपीएफ ने जो किया है उससे खेल प्रेमी काफी खुश हैं, खासकर घाटी की लड़कियां। उनका कहना है कि उन्हें पहली बार सीआरपीएफ द्वारा ऐसा प्लेटफार्म मिला, जहां वे अपने हुन्नर को दिखा सकें।

करीब पांच महीनों के बाद अब जब घाटी मे सुधार देखने को मिल रहा है तो इसे देख सीआरपीएफ युवाओं के लिए कुछ करने के उद्देश्य से 'खेलो कश्मीर' के नाम से फुटबाल कप का आयोजन लड़कियों और लड़कों के लिए कर रही है, जिसमें लड़कों की 30 और लड़कियों की नौ टीमों ने भाग लिया। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में बुधवार को आयोजित क्लोजिंग समारोह में लड़कों और लड़कियों के फाइनल मैच भी खेले गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती मुख्य अतिथि थी, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों की हौसलाआफजाई की और कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे खेलकूद में भी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि खराब हालात की वजह से हमारी बदकिस्मती रही, लेकिन भविष्य में खेलकूद के कार्यक्रमों पर पूरा जोर दिया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने विजेता और रनर अप रही टीमों में इनाम भी बांटे। लड़कियों की विजेता टीम वुमेन कालेज की खिलाड़ी अफशान आशिक ने अमर उजाला से बात करते हुए बताया कि कश्मीर का महौल ऐसा है कि लड़कियों के लिए किसी खेल में भाग लेना मुश्किल होता है, लेकिन उन्हें अपने अभिभावकों से पूरा सहयोग मिला और उन्होंने इस खेल को चुना, लेकिन जो उन्हें पहली बार सीआरपीएफ ने प्लेटफार्म दिया, उससे वह काफी खुश हैं और सीआरपीएफ का धन्यवाद करती हैं कि उन्होंने लड़कियों के बारे में भी सोचा, जिन्हें हमेशा नजरअंदाज किया जाता रहा। एक और खिलाड़ी इंशा ने बताया कि वह चाहती हैं कि ऐसी प्रतियोगिताएं भविष्य में भी आयोजित की जाएं, ताकि लड़कियों को भी अपने हुन्नर को दिखाने का मौका मिले। इस अवसर पर आईजी सीआरपीएफ अतुल करवाल ने बताया कि इस पिछली बार सीनियर लड़कों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, लेकिन इस बार जूनियर के लिए।

यह देख कर उन्हें अच्छा लगा कि लड़कियां भी यहां फुटबाल खेलती हैं। उन्होंने कहा कि भाग लेने वाली सभी टीमों को इनाम और विजेता और रन्नर अप को कैश इनाम भी दिए गए, ताकि उनकी रुचि खेलो और बढ़े।

आईजी के अनुसार इसको आयोजित करवाने का मुख उद्देश्य था कि बच्चे पढ़ाई और खेलकूद में ध्यान दें न कि दूसरी बुरी गतिविधियों पर। आईजी ने कहा कि युवाओं का ध्यान खेलों की ओर बटोरने ही मूल उद्देश्य है। इसके फायदे जल्द दिखेंगे।



टाई ब्रेकर में वुमेन कालेज ने मैलिनसन स्कूल को हराया

लड़कियों के वर्ग में नौ टीमों में से वुमेन कालेज श्रीनगर और मैलिनसन स्कूल श्रीनगर की टीमें फाइनल में भिड़ी, जिसमें पहले तो 1-1 की बराबरी रही, लेकिन बाद में टाई ब्रेकर में वुमेन कालेज श्रीनगर ने मैलिनसन स्कूल को 3-1 से हराया। लड़कों की 30 टीमें में से फाइनल में पहुंची आईएफसी नौगाम ने जेजे-7 एफसी क्लब को 2-0 से हराया।

इनामी राशि में भेदभाव

जहां एक ओर मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देती हैं, लेकिन आज उनकी मौजूदगी में लड़के और लड़कियों में भेदभाव देखने को मिला। लड़कों की विजेता टीम को 30 हजार, जबकि लड़कियों को 20 हजार की राशि दी गई। लड़कों की रन्नर अप टीम को 20 हजार, जबकि लड़कियों को 15 हजार दिए गए। जब इस पर उनसे पूछा गया तो उन्होंने गोल-मोल जवाब देते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। सबके लिए बराबर के अवसर दिए जाएंगे। भविष्य में सबके लिए खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

लड़कियों के वर्ग में विजेता टीम की खिलाड़ी को पुरस्कार देतीं मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

लड़कों के वर्ग में विजेता टीम के खिलाड़ी को सम्मानित करतीं मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

इंशा

अफशान आशिक

केंद्रीय विद्यालय संगठन जम्मू संभाग

केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना दिवस, दिनांक 15 दिसम्बर के शुभावसर पर अपने शिक्षकों जिन्होंने 2015 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया है तथा उन शिक्षकों एवं गैर शैक्षिक कर्मचारियों को जो वर्ष 2016 के केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार - क्षेत्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं, बधाई देता है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार - 2016

चयनित आचार्य एवं अन्य कर्मचारी

श्रीमती आशा पठानिया
स्नातकोत्तर शिक्षक (जीव विज्ञान),
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ पठानकोट

श्री राजिंदर बड़कुलिया
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)
केंद्रीय विद्यालय कठुआ

श्रीमती मीरा महाजन
प्राथमिक शिक्षक,
केंद्रीय विद्यालय सुंजवां

श्री रछपाल चन्द शर्मा
सहायक, केंद्रीय विद्यालय संगठन
जम्मू रीजन

क्षेत्रीय प्रोत्साहन पुरस्कार - 2016

चयनित आचार्य एवं अन्य कर्मचारी



श्रीमती कुसुम मल्होत्रा
प्राचार्या, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक १
अमृतसर

श्री पूर्ण लाल
हेडमास्टर,
केंद्रीय विद्यालय नागलभूर

श्रीमती रमा गोयल
स्नातकोत्तर शिक्षक (गणित),
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ पठानकोट

श्री अशोक कुमार
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित),
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ अखनूर

श्री सन्देश कुमार भट
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित),
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक १ जम्मू

श्रीमती अनीता शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (सोशल साइंस)
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक ३ पठानकोट

श्रीमती आशा मिर्ज़ा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (पुस्तकालय),
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ अखनूर

श्री अशोक कुमार
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कार्य अनुभव)
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २ पठानकोट

श्रीमती अंजलि कॉल हक़
प्राथमिक शिक्षक,
केंद्रीय विद्यालय नगरोटा

श्रीमती रविंदर कौर
प्राथमिक शिक्षक, केंद्रीय विद्यालय
क्रमांक १ जम्मू

श्रीमती सुदेश कोहली
प्राथमिक शिक्षक,
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक १ उधमपुर

श्रीमती विदुषी दत्ता
प्राथमिक शिक्षक,
केंद्रीय विद्यालय नगरोटा



श्रीमती परवीन गुप्ता
केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २
पठानकोट

श्री सुरेंद्र सिंह रावत
सहायक, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक २
जालंधर

श्री बलबीर सिंह
प्रवर श्रेणी लिपिक,
केंद्रीय विद्यालय चेनानी

केंद्रीय विद्यालय संगठन
नई दिल्ली
www.kvsangathan.nic.in

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर